बियानी टाइम्स
BIYANI TIMES
RNI No. RAJBIL/2003/13325

...जो देता है पॉजिटीविटी, एनर्जी एंड अपडेट

JAIPUR

वर्ष 23 | अंक 9 | मासिक | हिन्दी/अंग्रेजी | कुल पृष्ठ 8 | 15 अक्टूबर-15 नवंबर, 2026 | मूल्य ₹ 10

The Spectrum of Renewal: How Tradition Drives India's Creative & Festive Economy



India has a beautiful way of welcoming change without letting go of its roots. Every festive season reminds us of this unique quality. The colours of our rangolis, the glow of diyas, the richness of handlooms and the joy of exchanging gifts are not merely expressions of celebration; they are living traditions that continue to inspire creativity, enterprise and new opportunities.

Today, the festive season has become a wonderful meeting point of culture and commerce. A traditional craft finds a new audience through digital platforms. A homegrown brand gives a contemporary touch to Indian designs. A young entrepreneur transforms a family recipe into a thriving business. Across the country, our cultural heritage is finding fresh expressions, proving that tradition is not something we simply inherit; it is something we can continuously renew.

What makes this transformation especially exciting is the role of young India. With access to technology, new ideas and global exposure, young people are discovering ways to take Indian creativity beyond geographical boundaries. From fashion and handicrafts to food, design and cultural experiences, our traditions have the potential to connect with people across the world. The opportunity lies in presenting them with confidence while preserving the authenticity that makes them distinctly Indian.

The festive economy also reflects the growing spirit of entrepreneurship, particularly among women. From homegrown businesses and handmade products to innovative gifting solutions and creative ventures, celebrations provide a platform for talent to flourish. Every thoughtfully created product carries not just economic value, but also imagination, skill and a story worth sharing.

Perhaps this is the most exciting aspect of India's festive economy: it allows our past to become a source of inspiration for our future. We do not have to choose between preserving tradition and embracing modernity. We can do both, using innovation to give our heritage greater visibility and new relevance.

As we celebrate this festive season, let us look beyond the lights and decorations to recognise the extraordinary creativity that surrounds us. Every tradition holds a possibility, every idea can create an opportunity, and every generation has the power to add something meaningful to the story of India.

The true spectrum of renewal lies in keeping our traditions alive, allowing our creativity to grow, and sharing the best of India with the world.

Wishing all our readers and their families a very Happy Diwali! May this festival of lights bring happiness, prosperity, new beginnings and countless opportunities to every home.



— **Dr. Radhika Biyani Daga**
Assistant Director
(Research, Development & Global Affairs)
Biyani Group of Colleges

दीपावली: छोटे व्यवसायों, स्टार्टअप्स और स्थानीय अर्थव्यवस्था के लिए नई रोशनी का अवसर

क्या दीपावली की खुशियां केवल बड़े बाजारों और महंगी खरीदारी तक सीमित हैं? क्या यह त्योहार स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई दिशा दे सकता है? क्या नए स्टार्टअप्स केवल प्रशंसा तक सीमित हैं, या एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में हमारा भी उनके प्रति कोई कर्तव्य है?

दीपावली केवल दीपों, मिठाइयों और खुशियों का त्योहार नहीं, बल्कि भारतीय अर्थव्यवस्था में नई ऊर्जा का संचार करने वाला अवसर भी है। इस दौरान बढ़ती खरीदारी से छोटे व्यापारियों, स्थानीय कारीगरों, महिला उद्यमियों और स्टार्टअप्स को अपने व्यवसाय के विस्तार का अवसर मिलता है।


स्थानीय बाजारों से मजबूत होती अर्थव्यवस्था:

मिट्टी के दीये बनाने वाले कुम्हारों, मिठाई विक्रेताओं, फूल विक्रेताओं और सजावटी वस्तुएं तैयार करने वाले कारीगरों की बिक्री त्योहारों के दौरान बढ़ती है। राजस्थान में ब्लू पॉटरी, मीनाकारी, हस्तशिल्प और पारंपरिक वस्त्र स्थानीय कला को बाजार से जोड़ने का बेहतरीन माध्यम हैं। हमारी छोटी-सी खरीदारी भी किसी कारीगर की मेहनत को पहचान दिला सकती है।

स्टार्टअप्स और महिला उद्यमियों के लिए अवसर:

बदलते समय में पर्यावरण-अनुकूल सजावट, हस्तनिर्मित उपहार, जैविक मिठाइयां और पुनर्चक्रित सामग्री से बने उत्पाद लोगों को आकर्षित कर रहे हैं। सोशल मीडिया, ऑनलाइन ऑर्डर और डिजिटल भुगतान के माध्यम से छोटे व्यवसाय नए ग्राहकों तक पहुंच सकते हैं।

वहीं, घरों में मिठाइयां, नमकीन, मोमबत्तियां, तोरण और हस्तनिर्मित उपहार बनाने वाली महिलाएं अपने हुनर को



आय का साधन बना सकती हैं। इससे आत्मनिर्भरता के साथ रोजगार के नए अवसर भी पैदा होते हैं।


जिम्मेदार खरीदारी से बनेगा समृद्ध भारत:

हालांकि, छोटे व्यवसायों की सफलता के लिए केवल त्योहारों की बिक्री पर्याप्त नहीं है। उन्हें वर्षभर बाजार, प्रशिक्षण, वित्तीय सहायता और तकनीकी सहयोग की आवश्यकता होती है। ग्राहक भी स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता देकर और छोटे उद्यमियों के काम को दूसरों तक पहुंचाकर योगदान दे सकते हैं।

दीपावली का असली संदेश केवल अपने घर को रोशन करना नहीं, बल्कि दूसरों के जीवन में भी उजाला लाना है। इस बार खरीदारी करते समय स्थानीय दुकानदारों, कारीगरों और नए उद्यमियों को भी अवसर दें। क्योंकि जब हमारा स्थानीय बाजार मजबूत होगा, तभी दीपावली की रोशनी हर घर तक पहुंचेगी।



डॉ. मोनिका पालीवाल
विभागाध्यक्ष,
पत्रकारिता एवं जन-संचार विभाग,
बियानी गर्ल्स कॉलेज





डॉ. राजीव बियानी
चेयरमैन
बियानी ग्रुप ऑफ कॉलेजेज

हमारे सभी पाठकों, शिक्षकों, विद्यार्थियों और स्टाफ सदस्यों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं! मां लक्ष्मी की कृपा से आपके जीवन में सुख, समृद्धि और खुशहाली आए। दीपों का प्रकाश आपके जीवन को नई आशाओं, सकारात्मकता और सफलता से आलोकित करे। आइए, इस दीपावली पर खुशियां बांटें और उज्ज्वल भविष्य की ओर कदम बढ़ाएं।

शुभ दीपावली!



डॉ. संजय बियानी
निदेशक,
बियानी ग्रुप ऑफ कॉलेजेज

प्रिय दोस्तों, संस्थान के सभी सदस्यों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं! दीपावली अंधकार से प्रकाश और निराशा से आशा की ओर बढ़ने का संदेश देती है। आइए, ज्ञान, सद्भाव और सकारात्मकता के दीप जलाकर समाज में खुशियां फैलाएं। यह पर्व आपके जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और नई प्रेरणा लेकर आए।

शुभ दीपावली!



डॉ. मनीष बियानी
निदेशक (R&D),
बियानी ग्रुप ऑफ कॉलेजेज

दीपों का यह पावन पर्व आपके जीवन में सुख, समृद्धि और नई संभावनाओं का प्रकाश लेकर आए। आइए, ज्ञान, नवाचार और सकारात्मक सोच के साथ प्रगति एवं सफलता के नए आयाम स्थापित करें।
मां लक्ष्मी की कृपा से आप सभी का जीवन खुशियों और उपलब्धियों से आलोकित हो।

दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं!



डॉ. ध्यान सिंह गोठवाल
प्राचार्य एवं डीन,
बियानी ग्रुप ऑफ कॉलेजेज

दीपावली के शुभ अवसर पर मैं सभी टीचर्स को, सारे बच्चों को दीपावली की, गोवर्धन पूजा की और भाई दूज की ढेर सारी शुभकामनाएं देता हूं। साथ ही ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि आप सभी जैसे दीपावली जगमगाती है वैसे ही आपके जीवन में खूब सारी रोशनी हो, आप जीवन में खूब तरक्की करें।

हैप्पी दीपावली!




www.biyanitimes.com
Now digitally available on web

15 अक्टूबर-15 नंवबर, 2026

BIYANI TIMES 2

Colors, Connections & Light


Fashion & Festive trends: Accessories & Festive Wear



Jaipur has a charm of its own during the festive season. As During festival, the city's markets come alive with colourful displays, festive decorations and shoppers looking for the perfect outfits. This year, traditional Indian wear is getting a modern makeover, with styles that combine elegance, comfort and related to culture.

Garara and sharara sets, lightweight lehengas and pre-draped sarees are among the styles attracting attention this season and also Kurta dresses, embroidered jackets and Indo-Western outfits are also popular choices, especially among young with a traditional touch.

Pastel shades such as ivory, blush pink, sage green and lavender offer a soft, elegant look for celebrations.



Jaipur's festive fashion is famous for its rich craftsmanship like Mirror work, gota patti, zari embroidery and traditional Rajasthani detailing add character to festive outfits. Jaipur's festive fashion reflects a beautiful blend of tradition and modern style. From traditional markets to modern clothing stores, festive wear is attracting attention as people look for outfits that combine elegance, comfort and style.

Bustling markets like Johari and Bapu Bazaar are buzzing with shoppers picking easy, breathable fabrics for long festivities. This perfect balance of royal heritage and effortless contemporary charm makes shopping here truly unmatched.



Ms. Arunika Kumawat
Asst. Professor,
Fashion Designing

Local Art, Global Identity — Creativity Se Economic Prosperity!



Diwali, the festival of lights"—just hearing these words brings a bright smile to everyone's face.

Earlier, Diwali was limited to just sweets and firecrackers. But where did this idea of the 'Creative Economy' come from? It came from people just like us! Weeks before Diwali, we start planning: "How will we decorate the house? What kind of rangoli will we make?" This is where our search begins for what to buy and where to buy it from.

To save time, many of us choose online shopping. And that is when a thought strikes us: "If other sellers can earn money by selling their creations online, why can't we do the same?"

Today, people no longer hide their creativity under the old belief of "prying eyes might ruin it." Instead, whether it is a balcony makeover, lighting setups, or rangoli designs, people actively share their home decor on the internet alongside their passion. When they receive appreciation, gain followers, or earn a commission when someone buys products through their recommendations, a simple hobby transforms into a passion and a real source of income.

From women in small villages to educated individuals in big cities, people are using their creativity to earn money, fulfilling both their dreams and their passion.

This tradition of decorating homes during festivals has opened brand-new opportunities for handmade artists, rangoli creators, and home-based businesses. Instead of buying artificial items from outside, people now prefer handmade wall hangings and customized decor items. This positive shift has inspired homemakers, local artists, and youth to turn their artistic talent into a thriving business.

Moreover, social media platforms have become a powerful medium for promoting traditional art, handicrafts, and innovative home decor ideas. A simple photograph or video of a handmade product can reach thousands of potential customers across the country. Digital platforms have made it easier for small creators to showcase their talent without investing heavily in a physical shop. This has also encouraged the younger generation to explore entrepreneurship and become financially independent. The Creative Economy is not just about earning money; it is about preserving our cultural heritage, encouraging innovation, and creating employment opportunities. By combining traditional skills with modern technology, we can take our local art and culture to a global audience. This Diwali, let us celebrate not only the festival of lights but also the light of creativity, self-reliance, and entrepreneurship. After all, every handmade diya, every artistic rangoli, and every unique decoration tells a story of passion, hard work, and the dreams of its creator.

This Diwali, when we buy decorative items from local artisans and small sellers, we do not just illuminate our own homes—we bring economic prosperity into the lives of those creators as well.



Ms. Shweta Nirwan
Asst. Professor,
Commerce & Management,
Biyani Girls College

परंपरा, फैशन और पर्यावरण का संगमः जयपुर की ग्रीन दिवाली



दीपावली आती ही जयपुर के बाजारों में रौनक बढ़ जाती है। हर तरफ रंग- बिरंगी लाइट्स, नई कपड़े, सजावट का सामान दिखता है। लेकिन आज की नई पीढ़ी अच्छा दिखने के साथ-साथ पर्यावरण का भी ध्यान रखने की कोशिश कर रही है।

हाथ से बने दिये और अनेक प्रकार के हाथ से बने सजावटी सामान और प्राकृतिक रंगों से बनाई रंगोली को ज़्यादा महत्व दिया जा रहा है। प्लास्टिक को कम से कम इस्तेमाल करके, प्राकृतिक चीज़ों को ज़्यादा महत्व दे रहे हैं।

फ़ैशन की बात करें तो जयपुर की कुछ अलग ही पहचान है। जयपुरी प्रिंट्स, बांधनी और हाथ से बनाए कपड़ों ने जयपुर को अलग ही नाम दिया है। पुराने कपड़ों को नए तरीके से इस्तेमाल करना, पुराने कपड़ों को एक नया आउटफिट बनाना, आजकल की पीढ़ी सस्टेनेबल को भी महत्व दे रही है। सस्टेनेबल का मतलब यह नहीं कि पुराने कपड़े पहनना, बल्कि यह है कि अपने क्रिएटिव माइंड को बढ़ाना, कि हम पुराने कपड़ों को एक नया आउटफिट कैसे बना सकते हैं।

दिवाली का त्योहार आते ही बाजारों में चारों तरफ रौनक छा जाती है। इस बार दिवाली पर कपड़ों और फैशन में कुछ नए कॉम्बिनेशन देखने को मिल सकते हैं, जिनमें पारंपरिक पहनावे के साथ नए डिजाइन भी शामिल होंगे। सांगानेरी और बगरू प्रिंट के सूट, साड़ियां और दुपट्टे लोगों की पसंद बने हुए हैं। वहीं, आज की युवा पीढ़ी वेस्टर्न फैशन को भी अपना रही है। क्रॉप टॉप के साथ लहंगा स्कर्ट, धोती पैंट और जैकेट स्टाइल कुर्ते जैसे पहनावे युवाओं को काफी पसंद आ रहे हैं। इस तरह पारंपरिक और आधुनिक फैशन का मेल इस दिवाली बाजारों में देखने को मिल सकता है।

जयपुर में दीपावली के समय छोटे दुकानदारों और कलाकारों को रोज़गार का एक अच्छा अवसर मिलता है जिससे इन्हें भी अपनी कला और हुनर को लेकर बढ़ावा मिलता है।

दीपावली का असली मज़ा तो खुशियों को बांटने से मिलता है, ना कि नई चीज़ें खरीदने से, अगर इस दीपावली हम थोड़ा समझदारी से खरीदारी करें तो इससे न हीं सिर्फ पर्यावरण साफ़ रहेगा, बल्कि सुंदर भी लगेगा।



Saniya Kumawat
3rd Semester,
Fashion Designing




www.biyanitimes.com
Now digitally available on web

15 अक्टूबर-15 नंवबर, 2026

BIYANI TIMES 3

Colors, Connections & Light

संस्कृति को आकार देने वाले रचनाकार, सामाजिक समानता के प्रतीक महर्षि वाल्मीकि



हर शाम जयपुर के किसी घर में कोई दादी अपने पोते-पोती को राम और सीता की कहानी सुनाती है। बच्चा अभी नहीं जानता, पर इस कथा के मूल रचनाकार हैं महर्षि वाल्मीकि, भारत के आदिकवि। उनकी रामायण ने हमारे त्योहारों, गीतों, जीवन-मूल्यों और यहाँ तक कि एक-दूसरे से बात करने के ढंग को भी आकार दिया है।

किंतु वाल्मीकि की सबसे बड़ी सीख उनके अपने जीवन में छिपी है। वह बताती है कि ज्ञान, गरिमा और महानता किसी एक जाति, वर्ग या लिंग की बपौती नहीं हैं। ये हर उस व्यक्ति की हैं जो सत्य, करुणा और शिक्षा का मार्ग चुनता है।

रत्नाकर से महर्षि तक: कोई भी बदलाव से परे नहीं – लोक-परंपरा के अनुसार वाल्मीकि पहले रत्नाकर थे, जो समाज के हाशिये पर रहते थे और परिवार का पेट पालने के लिए राहगीरों को लूटते थे। देवर्षि नारद ने उनसे एक सरल प्रश्न पूछा- क्या तुम्हारे पापों में तुम्हारा परिवार भी भागीदार होगा? इस उत्तर ने उनका जीवन बदल दिया। वे इतनी गहरी तपस्या में लीन हुए कि उनके चारों ओर दीमकों की बांबी (वल्मीक) बन गई, और उससे वे वाल्मीकि बनकर निकले।

दैनिक जीवन में: कक्षा की आखिरी बेंच पर बैठे उस लड़के के बारे में सोचिए जिसे सब 'कमज़ोर' कहते हैं। एक शिक्षिका देखती है कि वह बहुत सुंदर चित्र बनाता है और उसे कक्षा का सूचना-पट सजाने का काम सौंपती है। धीरे-धीरे उसका आत्मविश्वास बढ़ता है, और साथ में उसके अंक भी। उस शिक्षिका ने वही किया जो नारद ने रत्नाकर के लिए किया था, उसने ठप्पा नहीं, बल्कि बच्चे की संभावना देखी।

करुणा से जन्मा प्रथम श्लोक: भारतीय काव्य का जन्म संवेदना से हुआ। वाल्मीकि ने देखा कि एक बहेलिये ने क्रौंच पक्षी के जोड़े में से एक को मार गिराया। साथी पक्षी का करुण क्रंदन उनके हृदय को चीर गया, और उनका शोक प्रथम श्लोक बनकर फूट पड़ा-

मा निषाद प्रतिष्ठां त्वमगमः शाश्वतीः समाः।
यत्क्रौञ्चमिथुनादेकमवधीः काममोहितम्॥

'हे निषाद! तुम्हें अनंत वर्षों तक शांति न मिले, क्योंकि तुमने प्रेम में डूबे क्रौंच जोड़े में से एक का वध किया है।'

हमारा साहित्य राजाओं की प्रशंसा से नहीं, बल्कि सबसे छोटे और बेजुबान प्राणी की पीड़ा से आरंभ हुआ।

दैनिक जीवन में: लंच-ब्रेक में एक नई छात्रा अकेली बैठी है, क्योंकि उसका टिफिन बाकी सबसे 'अलग' है। एक सहपाठी उसके पास जाकर कहती है, 'क्या मैं थोड़ा चख सकती हूँ? मैं भी अपना बाँटूँगी।' यही छोटा-सा व्यवहार वाल्मीकि का 'क्रौंच क्षण' है किसी की मौन पीड़ा को देखना और उससे मुंह न मोड़ना।

वाल्मीकि आश्रम: नारी का आश्रय, सबकी पाठशाला– जब सीता का परित्याग होता है, तब वाल्मीकि का आश्रम ही उन्हें शरण देता है। वहां वे सम्मान के साथ रहती हैं और अपने पुत्रों लव-कुश का पालन करती हैं। वाल्मीकि उनके गुरु बनकर उन्हें शास्त्र, संगीत और शस्त्र-विद्या सिखाते हैं। वर्षों बाद यही बालक राम की सभा में निर्भीक होकर अपनी मां की सच्ची कथा गाते हैं।

इ जब राजदरबार सीता के साथ नहीं खड़ा होता, तब वाल्मीकि खड़े होते हैं।

सम्मानपूर्ण एकल मातृत्व: एक न्यायप्रिय गुरु के सहयोग से सीता दो योग्य संतानों को पालती हैं।

राष्ट्र-निर्माता शिक्षक: गुरु ऐसे बच्चे गढ़ता है जो सत्ता के सामने भी सत्य कह सकें।

दैनिक जीवन में: सुनीता तीन घरों में काम करती है और अकेले अपनी बेटी को पाल रही है। एक परिवार ने बेटी का किताबों के प्रति प्रेम देखा, उसकी स्कूल फ़ीस भरी और पुरानी किताबें दीं। आज वही बेटी शिक्षिका बनने की तैयारी कर रही है। जो भी घर किसी संघर्षरत माँ के बच्चे का हाथ थामता है, वह एक छोटा-सा वाल्मीकि आश्रम बन जाता है।

आज के समय में सामाजिक समानता के प्रतीक: सदियों से वाल्मीकि गौरव और आत्मसम्मान के स्रोत रहे हैं, विशेषकर उन समुदायों के लिए जिन्हें लंबे समय तक शिक्षा से वंचित रखा गया। आश्विन (शरद) पूर्णिमा को मनाई जाने वाली वाल्मीकि जयंती पूरे राष्ट्र को याद दिलाती है कि हमारी संस्कृति के महानतम रचनाकारों में से एक समाज के हाशिये से उठे थे।

उनकी विरासत हमारे संविधान के आदर्शों को स्वर देती है: क़ानून के समक्ष समानता, प्रत्येक व्यक्ति की गरिमा और सबके लिए शिक्षा का अधिकार। यही दृष्टि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में भी है, जो समतामूलक और समावेशी शिक्षा पर बल देती है।

'महानता जन्म से तय नहीं होती, वह विचार, करुणा और कर्म से अर्जित होती है।'

हमारे दैनिक जीवन में वाल्मीकि: पांच छोटी आदतें–

हर श्रमिक का सम्मान करें। स्कूल या गली की सफ़ाई करने वाले व्यक्ति को नाम से नमस्ते कहें और धन्यवाद दें।

जाति या वर्ग को कभी अपमान का शब्द न बनाएं। शब्द भी बहेलिये के बाण जितना गहरा घाव दे सकते हैं।

दूसरा अवसर दें। जिस मित्र से कल भूल हुई, वह आज बदल सकता है, जैसे रत्नाकर बदले।

घर के काम बराबर बाटें। बेटे और बेटियां दोनों खाना बनाएं, सफ़ाई करें और पढ़ें; गरिमा का कोई लिंग नहीं होता।

कहानियां पढ़ें और सुनाएं। सोने से पहले सुनाई गई एक अच्छी कहानी जीवन भर का संस्कार बो सकती है।

भावी शिक्षकों के लिए सीख: बियानी गर्ल्स बी.एड. कॉलेज में हम कल के शिक्षक तैयार करते हैं। वाल्मीकि उनके लिए एक स्पष्ट आदर्श हैं।

हर विद्यार्थी पर विश्वास रखें। जहां दूसरे समस्या देखें, वहां आप संभावना देखें।

करुणा से पढ़ाएं। वाल्मीकि की तरह दूसरों की पीड़ा के प्रति संवेदनशीलता से आरंभ करें।

कक्षा को आश्रम बनाएं। ऐसा सुरक्षित स्थान जहां कोई बच्चा जाति, लिंग या गरीबी के कारण स्वयं को छोटा न समझे।

साहित्य से सशक्त करें। कहानियों से मूल्य, आत्मविश्वास और सामाजिक चेतना जगाएं।

स्मरणीय वचन:

सत्यमेवेश्वरो लोके सत्ये धर्मः सदाश्रितः।

'संसार में सत्य ही ईश्वर है; धर्म सदा सत्य पर ही टिका रहता है।' (वाल्मीकि रामायण, अयोध्याकांड)

निष्कर्ष: महर्षि वाल्मीकि केवल रामायण के रचयिता नहीं हैं। वे इस सत्य के जीवंत प्रतीक हैं कि ज्ञान मुक्त करता है, करुणा सृजन करती है और समानता मनुष्य को महान बनाती है। महिलाओं और शिक्षिकाओं के रूप में आइए, हम उनका संदेश हर घर और हर कक्षा तक पहुंचाएं- कोई भी जन्म छोटा नहीं होता, और कोई भी विद्यार्थी आशा से परे नहीं होता।



डॉ. भारती शर्मा
प्रोफेसर,
बियानी गर्ल्स बी.एड. कॉलेज,
जयपुर

Diwali Sweets and Health: Balancing Taste, Tradition and Well-Being



Diwali is one of India's big festivals and it's all about light, happiness, love and prosperity. The festivities include lighting the diyas, doing the prayers, spending time with family and of course the sweets. The sweets are an integral part of the Diwali celebrations with laddoos, barfi, kaju katli, gulab jamun, jalebi and rasgulla all being traditional favourites. The sharing of sweets is part of Indian culture and is a way of expressing love, togetherness and good wishes. All the same whilst we are out there enjoying the sweet side of the festival we must also be mindful of our health.

People tend to eat a lot of sweets, fried snacks and foods high in sugar and fat during Diwali compared to the rest of the year. This can have a number of effects on the body. High sugar intake will lead to a spike in blood glucose, whilst over-consumption of calories will inevitably lead to weight gain. Regular consumption of foods high in saturated fat is bad for the heart. Those with diabetes, high blood pressure or heart disease in particular need to be very mindful of what they're eating at this time of year. Sweets made in cooking oil that's been contaminated and/or stored in unsuitable conditions can also increase the risk of food poisoning and other food borne illnesses.

You don't have to go completely cold turkey on sweets when you're enjoying Diwali. You can certainly use sugar and ghee in your home-made sweets. Just go for hygienically made sweets and be mindful of the quality and the storage. Mix in some fruit, some nuts and other healthy foods with the sweets. Don't eat them constantly throughout the day, enjoy them in moderation. Drink plenty of water, do some regular exercise and maintain a healthy balanced diet. Of course people with diabetes will have to be very careful about what they eat and will need to manage their sweet intake in accordance with their blood sugar and their doctor's advice.

Diwali isn't just a festival of sweets - it's also a time to celebrate living, positive thinking and happiness with family and friends. We should of course keep our sweets and our rich culinary heritage but we should also be mindful of our health. We can have a much healthier, safer and more enjoyable Diwali by being conscious of the quality and quantity of the sweets we consume and by having a diet that we can actually stick to.

Message: "This Diwali enjoy the sweetness whilst protecting your health as the real joy of the celebration is in the balance of taste with health."



Mr. Keshav Sain
Asst. Professor,
Biyani Nursing College,
Jaipur

Life Skill Online Courses
- Self Awareness, Career and Parenting (CC-SACP) - 10 days
- Health through Yoga & Ayurveda (CC-HYA) - 20 days
- Life & Family Mgmt. through Ramayana (CC-LFMR)- 20 days
- Self Management through Gita (CC-SMG) - 20 days
- Awareness, Consciousness and Spirituality (CC-ACS) - 20 days

Ph.: 8290636942

www.biyanitimes.com
Now digitally available on web

15 अक्टूबर-15 नंवबर, 2026

BIYANI TIMES

Colors, Connections & Light

रोशनी के त्योहार में मेहनत की अनकही कहानियां

दिवाली खुशियों, रोशनी और स्वच्छता का त्योहार है। इस अवसर पर हर घर और हर गली को सजाया जाता है, लेकिन इस स्वच्छता के पीछे उन सफाई कर्मचारियों की मेहनत होती है, जिनकी कहानियां अक्सर अनसुनी रह जाती हैं। इसी मेहनत को समझने और इन कर्मचारियों के जीवन से जुड़े अनछुए पहलुओं को सामने लाने के उद्देश्य से हमने सात सफाई कर्मचारियों से बातचीत की। इस दौरान हमने उनके काम, स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों, परिवार की जिम्मेदारियों और दिवाली के दौरान बढ़ने वाले काम के बारे में जाना। हमारी इस पहल का उद्देश्य केवल उनका इंटरव्यू लेना नहीं, बल्कि उनके संघर्षों को आवाज़ देना, उनके योगदान के प्रति समाज को जागरूक करना और यह समझना है कि त्योहारों की असली खुशी उन हाथों की मेहनत को सम्मान देने में भी है, जो हमारे आसपास स्वच्छता बनाए रखते हैं।





दिलीप
मेडिसिन सप्लायर

दिवाली पर परिवार के साथ रहने और खुशियां बांटने का मन तो करता है, लेकिन हमारी ड्यूटी भी जरूरी है। हम यहाँ लोगों की सेवा के लिए हैं और यही हमारा धर्म है। त्योहार के दिन काम करने का थोड़ा अलग अनुभव होता है, क्योंकि जब लोग अपने घरों में दिवाली मना रहे होते हैं, तब हम अपनी जिम्मेदारी निभा रहे होते हैं। ड्यूटी के बाद समय मिलता है, तो घर जाकर परिवार के साथ त्योहार मना लेते हैं। मैं सभी से यही कहूंगा कि दिवाली पर खुशियां जरूर मनाएँ, लेकिन पटाखे जलाते समय सावधानी रखें, क्योंकि आपकी छोटी-सी लापरवाही किसी के लिए बड़ी परेशानी बन सकती है।

इंटरव्यूअरः
दीप्ति वशिष्ठ, बीजेएमसी-प्रथम वर्ष



चंद्रकली साहू
सफाईकर्मी

'मेरा नाम चंद्रकली साहू है। मैं छत्तीसगढ़ से आई हूँ और यहाँ सफाई का काम करती हूँ। दीपावली पर अपने घर की याद तो आती है, लेकिन जहाँ हम काम करते हैं, वहाँ के लोग भी अपने परिवार जैसे ही लगते हैं। हम सब मिलकर त्योहार की खुशियाँ बाँट लेते हैं। अच्छा लगता है जब हम किसी के चेहरे पर मुस्कान ला पाते हैं। मेरा मानना है कि त्योहार सिर्फ अपने परिवार के साथ मनाने के लिए नहीं होते, बल्कि जहाँ भी हम रहते हैं और काम करते हैं, वहाँ लोगों के साथ मिलकर खुशियाँ बाँटना भी जरूरी है। बच्चों से यही कहना चाहूँगी कि कोई भी काम छोटा नहीं होता। मेहनत से काम करना चाहिए और जहाँ रहें, वहाँ सबके साथ मिल-जुलकर रहना चाहिए।'

इंटरव्यूअरः
अंशिका उपाध्याय, बीजेएमसी-प्रथम वर्ष



सुनीता, कम्पाउण्डर
राजकीय चिकित्सालय, विद्याधर नगर

दिवाली पर मेरा भी मन करता है कि मैं अपने परिवार और बच्चों के साथ त्योहार मनाऊं, लेकिन अस्पताल में हमारी ड्यूटी भी जरूरी है। सभी कर्मचारियों को एक साथ छुट्टी नहीं मिल सकती, इसलिए कभी किसी की तो कभी किसी की दिवाली ड्यूटी में गुजर जाती है। हम परिवार के साथ कम समय बिता पाते हैं और कई बार त्योहार मनाने से वंचित रह जाते हैं। दुख तो होता है, लेकिन खुशी है कि हमारी ड्यूटी से मरीजों को समय पर इलाज मिल पाता है। दिवाली पर पटाखों से जलने के कई मरीज अस्पताल आते हैं। मैं बच्चों से कहना चाहूंगी कि पटाखे सावधानी से और बड़ों की देखरेख में जलाएं। त्योहार की असली खुशी तभी है, जब हम और हमारे अपने सुरक्षित रहें।

इंटरव्यूअरः
तनिष्क सैनी, बीजेएमसी-प्रथम वर्ष



ममता
सफाईकर्मी

मेरा नाम ममता है और मैं झाड़ू लगाने का काम करती हूं। इस काम में धूल-मिट्टी बहुत होती है, जिसकी वजह से कभी-कभी तबीयत खराब हो जाती है। ऐसे में डॉक्टर से दवाई लेनी पड़ती है। बच्चों का भी ध्यान रखना पड़ता है, क्योंकि उन्हें भी संक्रमण होने का डर रहता है।

दीपावली पर भी हम अपने काम में लगे रहते हैं। त्योहार पर अपने परिवार और बच्चों के साथ समय बिताना अच्छा लगता है। हम भी चाहते हैं कि हमारे बच्चे खुश रहें और उनके साथ अच्छे से त्योहार मना सकें। काम के साथ परिवार की जिम्मेदारियं भी निभानी पड़ती हैं।

ममता जी की बातें बताती हैं कि त्योहार की खुशियों के साथ उनकी रोजमर्रा की जिम्मेदारियां भी जुड़ी रहती हैं। अपने काम और परिवार के बीच तालमेल बिठाते हुए वे दीपावली मनाने की तैयारी करती हैं।'

इंटरव्यूअरः
तनिष्क सैनी, बीजेएमसी-प्रथम वर्ष



सोनू
फूल, माला विक्रेता

'मेरा नाम सोनू है। मैं फूल बेचती हूँ। त्योहारों पर काम ज्यादा होता है, इसलिए परिवार के साथ समय बिताने का मौका कम मिलता है। जब मैं फूल बेचने आती हूँ, तो मेरे पति घर पर रहते हैं। जब वे काम के लिए आते हैं, तब मैं घर जाती हूँ। इस तरह हम दोनों बारी-बारी से काम करते हैं, लेकिन बच्चों को साथ में ज्यादा समय नहीं दे पाते। कभी-कभी इसका दुख भी होता है, क्योंकि त्योहार पर बच्चों के साथ बैठने और खुशियाँ मनाने का मन करता है। फिर सोचते हैं कि हम यह सब अपने बच्चों के अच्छे भविष्य के लिए ही तो कर रहे हैं। परिवार के लिए मेहनत करने की अपनी खुशी है। बस यही चाहते हैं कि बच्चों को अच्छा जीवन दे सकें और वे हमेशा खुश रहें।'

इंटरव्यूअरः
वैष्णवी शर्मा, बीजेएमसी-प्रथम वर्ष

बियानी कॉलेज में 'मेरे राम' रामलीला का भव्य मंचन, उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने की शिरकत

बियानी ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग की ओर से कॉलेज के उत्सव सभागार में 'मेरे राम' रामलीला का भव्य मंचन किया गया। कार्यक्रम में राजस्थान की माननीय उपमुख्यमंत्री श्रीमती दीया कुमारी ने शिरकत की। विद्यार्थियों की ओर से प्रस्तुत रामलीला में भगवान श्रीराम के जीवन प्रसंगों और आदर्शों को प्रभावशाली ढंग से मंचित किया गया।

इस अवसर पर माननीय उपमुख्यमंत्री श्रीमती दीया कुमारी ने विद्यार्थियों की प्रस्तुति की सराहना करते हुए कहा कि आज जहां अधिकांश कॉलेजों में तकनीक और आधुनिक शिक्षा पर विशेष जोर दिया जाता है, वहीं बियानी ग्रुप ऑफ कॉलेजेज विद्यार्थियों को आध्यात्मिकता, भारतीय संस्कृति और नैतिक मूल्यों से जोड़ने का सराहनीय कार्य कर रहा है। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए तकनीकी ज्ञान के साथ संस्कार, आध्यात्मिक समझ और जीवन मूल्यों का होना भी आवश्यक है। ऐसे आयोजन युवाओं को अपनी संस्कृति और परंपराओं से परिचित कराने के साथ जीवन में सही दिशा चुनने की प्रेरणा देते हैं।



चेयरमैन डॉ. राजीव बियानी ने सभी विद्यार्थियों की सराहना करते हुए कहा कि सभी किरदारों को विद्यार्थियों ने बेहतरीन अभिनय, मेहनत और समर्पण के साथ निभाया। 'मेरे राम' रामलीला के माध्यम से विद्यार्थियों ने भगवान श्रीराम के आदर्शों, भारतीय संस्कृति और संस्कारों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजन विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, आत्मविश्वास और रचनात्मक प्रतिभा को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। साथ ही, ऐसे मंच विद्यार्थियों को अपनी कला और प्रतिभा के माध्यम से भारतीय परंपराओं एवं नैतिक मूल्यों से जुड़ने का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों एवं आयोजन से जुड़े सदस्यों के प्रयासों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

